# आमजन को तत्परता से योजनाओं का लाभ दें : संभागीय आयुक्त

**झालावाड़** (निसं)। पंचायत समिति अकलेरा की ग्राम पंचायत सरडा में प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविर में संभागीय आयुक्त कैलाश चन्द मीना ने कहा कि शिविर में देख कर हर्ष हुआ कि लोग अपने स्वयं के और सार्वजनिक समस्या के प्रति सचेत हैं।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि वे संवेदनशीलता एवं तत्परता से अपनी विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजन को देंगे तो शिविरों के बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने जिला कलेक्टर को गांवों के सभी सार्वजनिक रास्तों को खुलवाने के निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने गांवों की प्रत्येक गर्भवती महिला को प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को प्रदान किए।



जिला कलेक्टर हरि मोहन मीना ने शिविर में दिव्यांगों को ट्राईसाईकिल वितरित की।

उन्होंने इस दौरान गांव की तीन बड़ी समस्याओं के बारे में भी ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि पेयजल की समस्या के लिए जल जीवन मिशन के अन्तर्गत एक करोड 86 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। वहीं गोशाला के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए तत्काल निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। तीसरी समस्या के लिए उन्होंने पशु चिकित्सक लगाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर हरि मोहन मीना ने बताया कि शिविर में 205 पट्टे वितरित किए गए। साथ ही नामान्तरण के 425, खाता शुद्धि के 340, आपसी सहमति के 25, रास्ते के 5, सीमा ज्ञान के 84, पीएम आवास के 146 प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा कोविड वैक्सीन के 124 टीके आमजन को लगाए गए। 937 रिकार्ड की प्रतिलिपियां जारी की गई। इसके अतिरिक्त दिव्यांगों को 10 ट्राईसाईकिल, 2 श्रवण यंत्र, 2 बैसाखी वितरित की गई तथा 40 वृद्धावस्था पेंशन, 13 दिव्यांग पेंशन तथा दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। साथ ही 18 जन्म, 4 मृत्यु एवं 10 विवाह प्रमाण पत्र बनाए गए। रोडवेज द्वारा 48 वरिष्ठ नागरिकों को रियायती पास जारी किए गए। जिला कलेक्टर ने पंचायत के लम्बित कार्यों एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए शनिवार को फोलोअप कैम्प लगवाने के निर्देश प्रदान किए।

**मनोहरथाना उपखण्ड कार्यालय का निरीक्षण:-** संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर ने शिविर निरीक्षण से पूर्व उपखण्ड कार्यालय मनोहरथाना पहुंचकर कार्यालय का निरीक्षण किया। तत्पश्चात् आमजन की समस्याओं की सुनवाई भी की।

पूर्व विधायक कैलाश मीणा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की दूरदर्शी सोच के अनुसार गांव के आदमी का गांव में ही काम करने के लिए प्रशासन गांव के संग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 22 विभागों से संबंधित शिकायतों, समस्याओं योजनाओं का लाभ एक ही मंच से प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री निधि बीटी, उपखण्ड अधिकारी अनुज भारद्वाज, विकास अधिकारी कैलाश मीणा, जिला परिषद् सदस्य लाली बाई सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# टीम भावना के साथ कार्य करते हुए स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करायें : जिला निर्वाचन अधिकारी

**कोटा,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जवल राठौड़ ने कहा कि पंचायत राज चुनाव के सभी प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित चुनाव सम्पन्न कराने के लिए दिये गये दायित्वों समय पर निर्वहन करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम निर्धारित होने के साथ ही सभी अधिकारी पूरी तरह निर्वाचन दायित्वों में समर्पित होकर कार्य करें। चुनाव तैयारियों के लिए प्रकोष्ठवार अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई हैं उन्हें टीम भावना के साथ समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव सम्पन्न होने तक कोई भी अधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़े, प्रकोष्ठों में नियुक्त होने वाले कार्मिकों की सूची बनाकर नियुक्त करवाये जिससे की कार्य गति पकड़ सकें।


उन्होंने मतदान दल गठन एवं प्रशिक्षण के लिए शीघ्र तैयारियां पूरी कर पंचायत समितिवार मतदान दलों का गठन कर कार्मिकों को सूचित करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामान्य व्यवस्था, ईवीएम की तैयारियां, मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं तथा मत गणना स्थल पर की जाने वाली तैयारियों को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए। प्रकोष्ठवार तैयारियों की समीक्षा कर मतदान कर्मियों के लिए वाहन व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता की पालना के संबंध में भी निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि चुनाव व्यवस्था एवं मतदान पार्टियों में नियुक्त होने वाले सभी कार्मिकों का कोविड वैक्सीनेशन अनिवार्य हैं। ऐसे में सभी विभाग कार्मिकों को कोविड टीकाकरण के लिए पाबन्द करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी दिए गए दायित्वों का समय पर निर्वहन कर पारदर्शिता से कार्य करें। उन्होंने बताया कि जिले में 91 पंचायत समिति सदस्यों तथा 23 जिला परिषद सदस्यों के लिए चुनाव होना है। जिले में 750 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर 5 लाख 88 हजार 663 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जिले में पंचायत राज संस्थाओं में पंचायत समिति के 91 वार्डों तथा जिला परिषद के 23 वार्डों में चुनाव सम्पन्न होंगे। जिले में 217 मतदान केन्द्रों पर 750 मतदान बूथ बनाये गये हैं। पंचायत राज चुनाव ईवीएम के माध्यम से सम्पन्न होंगे। जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए 19 अप्रैल 2021 को मतदाता सूची के अन्तिम प्रकाशन के अनुसार जिले में कुल मतदाता 5 लाख 88 हजार 663 हैं जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 3 लाख 6 हजार 139 हैं तथा महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख 82 हजार 517 हैं, 7 मतदाता थर्ड जेण्डर हैं।

# नि:शुल्क स्वर्णप्राशन शिविर की शुरुआत

**बूंदी** (निसं)। बालचंदपाडा स्थित जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बूंदी मेंगुरूवार को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बूंदी में बच्चों की इम्यूनिटी और आईक्यू लेवल बढ़ाने और सर्वांगीण विकास के लिए नि:शुल्क स्वर्णप्राशन शिविरों की श्रृंखला के तीसरे चरण की शुरुआत आरोग्य समिति की प्रधान संरक्षक और जिला कलेक्टर रेणु जयपाल ने बच्चों को स्वर्णप्राशन औषधि पिलाकर की। पीएमओ डॉ सुनील कुशवाह ने बताया कि तीसरे चरण में आरोग्य समिति के सहयोग से 10 अप्रैल तक हर माह पुष्यनक्षत्र पर स्वर्णप्राशन शिविर आयोजित किए जायेंगे। स्वर्णप्राशन की बच्चों की इम्यूनिटी और सर्वांगीण विकास में प्रभावी भूमिका देखते हुए जिला कलेक्टर रेणु जयपाल ने पीएमओ डॉ. सुनील कुशवाह को स्वर्णप्राशन कार्यक्रम को विस्तृत रूप देकर बूंदी के सभी बच्चों को नियमित रूप से उपलब्ध कराने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए व इसके लिए आवश्यक औषधि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने इम्यूनिटी सिस्टम बढ़ाने में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सराहा। उपवन संरक्षक सोनल जोरिहार ने इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आयुर्वेद औषधियों के उपयोग का आव्हान किया। शिविर के लिए 1400 से अधिक बच्चों के रजिस्ट्रेशन किया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जय यादव, उपवन संरक्षक सोनल जोरिहार, आरोग्य समिति के डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, विठ्ठल सनाढ्य, महेश पाटौदी, ध्रुव व्यास, डॉ पारूल सोनी, डॉ विजेंद्र कुमार मीणा समेत सभी स्टाफ मौजूद रहा।



शिविर में बच्चों को स्वर्ण प्राशन की दवा पिलाई गई।

# अन्तर्राष्ट्रीय नृत्यांगना गुलाबो की रंगारंग प्रस्तुति के साथ बूंदी उत्सव-2021 का समापन

**बूंदी** (निसं)। बूंदी उत्सव के अंतिम दिन बुधवार रात ऐतिहासिक 84 खंभों की छतरी पर अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कालबेलिया नृत्यांगना गुलाबो की प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित किया।

इसी के साथ तीन दिवसीय बूंदी उत्सव, 2021 का रंगारंग समापन हो गया।कार्यक्रम में नगर परषिद सभापति मधु नुवाल, जिला जज सुधीर पारीक, सीजेएम मुनेश यादव, तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा की रजिस्ट्रार आराधना सक्सेना, राजस्व अपील अधिकारी भगवंती जेठवानी, जिला कलेक्टर रेणु जयपाल, पुलिस अधीक्षक जय यादव एवं उप वन संरक्षक सोनल जोरिहार ने शिरकत की।

गुलाबो ने अपने दल के साथ लगभग 45 मिनट लगातार नृत्य में अनूठे करतब दिखाते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उनके साथ उनकी बेटी और पोती ने भी नृत्य कर समा बांधा। गुलाबो ने मंच पर आकर अभिवादन करते हुए सबसे पहले अपने प्रिय गीत 'काल्यो कूद पड्यो मेळा म' के साथ अपनी प्रस्तुति प्रारंभ की। इसके बाद बीन और मृदंग की धन पर वे अपने साथियों के साथ देर तक मंच पर थिरकती रही। कभी नागिन की तरह बलखाती तो कभी चकरी जैसे घूमते हुए अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी साथी कलाकारों ने भी जमीन पर रखी अंगूठी और सिक्के मुंह से उठाते हुए,कभी बैठकर घूमते हुए और लेट कर अपनी नृत्य प्रतिभा दिखाई।

इस अवसर पर अतिथियों ने नृत्यांगना गुलाबो एवं अन्य कलाकारों का सम्मान किया और बूंदी जिले के सपेरा समाज की ओर से भी गुलाबो का तलवार भेंट कर अभिनंदन किया गया।आरंभ में शिक्षा विभाग द्वारा एक साथ सौ विद्यालयी छात्राओं द्वारा 84 खंभों की छतरी पर घूमर की प्रस्तुति से नयनाभिराम दृश्य बन पड़ा। कच्ची घोड़ी चकरी नृत्य भवाई आदि की प्रस्तुति भी आकर्षक रही।



जिला कलेक्टर रेणु जयपाल ने अंतर्राष्ट्रीय कालबेलिया नृत्यांगना को सम्मानित किया।

## एलन स्टूडेंट्स ने गोल्ड व सिल्वर मेडल जीते

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठता साबित की है। एलन स्टूडेंट्स ने इंटरनेशनल ओलंपियाड में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीते हैं।

संस्था के निदेशक नवीन माहेश्वरी ने बताया कि 14 से 21 नवम्बर तक बोगोटा कोलम्बिया में 14वें इंटरनेशनल एस्ट्रोनोमी व एस्ट्रोफिजिक्स ओलम्पियाड-2021 के फाइनल का आयोजन किया गया। इसके परिणामों में एलन के चहेल सिंह ने गोल्ड मेडल तथा ध्रुव अहलावत ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसके साथ ही एक अन्य छात्र अभय बेस्त्रापल्ली ने सिल्वर मेडल जीता। अभय अप्रवासी भारतीय परिवार से है और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका की टीम में शामिल था। वहीं चहल सिंह व ध्रुव अहलावत ने पांच सदस्यीय टीम में शामिल होकर भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस वर्ष इस प्रतियोगिता का फाइनल वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया।

## सार-समाचार

### सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता आरंभ



**झालावाड़** (निसं)। खेल संकुल झालावाड़ पर जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित जिला सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला खेल अधिकारी कृपाशंकर शर्मा एवं जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष दिनेश सक्सेना के आतिथ्य में किया गया। जिला कबड्डी संघ के सचिव शरीफ खान ने बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में जाट क्लब झालावाड़ ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झूमकी को 45-32 अंक तथा खेल संकुल क्लब में फैज अब्दुल क्लब की 30-22 अंक से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। निर्णायक की भूमिका शिशुपाल यादव एवं विशाल जाट द्वारा निभाई गई। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष सीताराम मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच खेले जाएंगे।

### महिला उत्कर्ष के लिए संगोष्ठी आयोजित

**बूंदी** (निसं)। 19 से 25 नवंबर तक कौमी एकता दिवस सप्ताह कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेविका संतोष रेगर के माध्यम से बूंदी ब्लॉक के स्थानीय आंगनबाडी परिसर में महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला उत्कर्ष पर एक संगोष्ठी का आयोजन करवाया गया एवं राष्ट्रीय अखंडता की शपथ दिलवाई व बालक बालिकाओं से मतदाता जागरूकता विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर शिवानी वर्मा, दूसरे स्थान पर निशा वर्मा व तीसरे स्थान पर खुशी वर्मा रही। प्रतिभागियों ने छात्राओं ने बढ़ चढ़कर रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से कराया गया। एनवाई ने सभी को बताया कि कौमी एकता सप्ताह स्व. इंदिरा गांधी के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है आगामी दिनों में मतदाता जागरूकता के लिए कौन-कौन से कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है व नए मतदाताओं को किस प्रकार से जागरूक रहकर अपना कीमती मत देना चाहिए की जानकारी बताइ। नए मतदाताओं को शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष पूजा वर्मा व अन्य सदस्य, समाजसेविका ममता देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### नकली खाद बनाने का मामला जयपुर पहुंचा, जांच कमेटी बनाई

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा के पूर्व विधायक करणसिंह राठौड ने हाल ही में नकली खाद बनाकर और उसकी भी कालाबाजारी को लेकर के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ओर किसानो के साथ उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मामले की जांच करवा करवाकर उचित कार्यवाही की मांग की गई थी। वही, एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था। राठौड़ के धरना प्रदर्शन से यह मामला जयपुर मुख्यमंत्री निवास पहुंच गया है, जिसके चलते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने छबड़ा में नकली खाद बनाकर बेचने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एक जांच कमेटी बनाई है, जिसमे जयपुर और कोटा के कृषि अधिकारी को शामिल किया गया है। कमेटी द्वारा संपूर्ण प्रकरण की जांच करवाई जायेगी। यदि इस प्रकरण में कृषि अधिकारियों की मिली भगत होती है तो उन्हें भी बक्शा नहीं जाएगा। जो भी इस प्रकरण में दोषी पाया जाता है उस पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### जिला कलेक्टर ने सम्मानित किया

**बून्दी** (निसं)। बून्दी उत्सव के अन्तर्गत प्रदर्शनी में सहयोग के लिए बून्दी ब्रश के चित्रकारों, आर्ट वर्कशॉप, भित्ति चित्र और पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला कलेक्टर रेणू जयपाल ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि कला को लगातार निखारते हुए इसे नई ऊचाईयां दें। उन्होंने बून्दी उत्सव में चित्रकला से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों के लिए बून्दी ब्रश के कलाकारों का साधुवाद किया और कहा कि बून्दी में कला के विकास के लिए वे सतत कार्य करते रहें। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओपी गोस्वामी, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर, बून्दी ब्रश के सुनिल जांगिड, पंकज सिसोदिया, रेहाना चिश्ती एवं अन्य मौजूद रहे।जिला कलक्टर ने बून्दी उत्सव के सफल आयोजन में सहयोगी रहे विभिन्न संस्थानों, बून्दी के नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं अन्य सभी को भी साधुवाद दिया।

### महाविद्यालय में नियमित कक्षाएं शुरू

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा के अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन विश्व भारती स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए प्रथम, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष की नियमित कक्षाए लगना प्रारम्भ हो गई है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरसी मीना के अनुसार जिन छात्र-छात्राओं ने बीए की तीनो कक्षाओं में प्रवेश ले लिया है उनकी कक्षाएं राज्य सरकार की कोविड-19 की गाइड लाइन के अनुसार ऑफलाइन प्रारम्भ कर दी गई है। सभी छात्र कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करे। बीए प्रथम वर्ष में शेष सीटों व एमए प्रिवियस राजनीती विज्ञान, भूगोल तथा हिन्दी साहित्य में प्रवेश प्रारम्भ हो गये है। जिन छात्र-छात्राओं ने अभी तक भी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया है वह कार्यालय समय में आकर ऑफलाइन प्रवेश ले सकते हैं।

### संविधान दिवस पर गतिविधियां होंगी

**झालावाड़** (निसं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र झालावाड द्वारा 26 नवंबर 2021 को संविधान दिवस के अवसर पर गतिविधिया आयोजित की जाएगी। जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने बताया की संविधान दिवस पर नेहरू युवा केंद्र झालावाड़ द्वारा सभी ब्लॉक में राष्ट्रीय युवा स्वयसेवक व युवा मंडल सदस्यों द्वारा 26 नवंबर को प्रात: 11 बजे महामहिम राष्ट्रपति द्वारा संविधान कि प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा जिसमें सभी युवा सम्मिलित होंगे। संवैधानिक लोकतंत्र विषय पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पोर्टल के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लेंगे। साथ ही संविधान प्रस्तावना पर हस्ताक्षर अभियान के तहत गतिविधि भी की जाएगी।

### 'कल शाम पांच बजे तक आवेदन जमा होंगे'

**छबड़ा** (निसं)। पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य पद हेतु चुनाव की घोषणा के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा उम्मदिवारो से प्रत्याशी आवेदन लिए जा रहे हैं, जिसके चलते आवेदन 27 नवंबर को शाम पांच बजे तक जमा किए जाएंगे। ब्लॉक अध्यक्ष रेवती गेरा के अनुसार ब्लॉक छबड़ा में पंचायत समिति सदस्य पद हेतु कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी आवेदन के लिए ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय छबड़ा व जिला कांग्रेस कार्यालय बारां मैं अपने अपने आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं एवं 27 नवंबर शाम पांच बजे तक फार्म जमा कर सकते हैं।

### पंचायत चुनाव के चलते बैठक 27 को

**छबड़ा** (निसं)। आगामी 27 नवम्बर 2021 को प्रात: 11 बजे भाजपा सेमली मंडल एवं बापचा मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं की पंचायत चुनाव के सम्बंध में एक बैठक भाजपा कार्यालय पर रखी गई है। जिसे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र जी नागर सम्बोधित करेंगे। पंचायत चुनाव में चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता टिकिट हेतु अपने आवेदन 27 नवम्बर 2021 शनिवार शाम पांच बजे तक भाजपा कार्यालय पर जमा करवा सकते हैं। यह जानकारी भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़ व उदयसिंह लोधा ने दी है।

### निबंध प्रतियोगिता आज

**छबड़ा** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में आज डॉ. भीमराव फाउंडेशन अम्बेडकर पीठ जयपुर द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमे महाविद्यालय के विद्यार्थी भी भाग ले सकेंगे। प्रभारी बलराज कुमार के अनुसार राजकीय महाविद्यालय छबड़ा में संविधान दिवस (26 नवंबर) के उपलक्ष में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉ भीमराव फाउंडेशन अंबेडकर पीठ जयपुर द्वारा किया जाएगा। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं समय पर उपस्थित होकर प्रतिभागी बन सकते हैं।

## सार-समाचार

### मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा के बिगड़े बोल के खिलाफ महिला मोर्चा ने रोष जताया

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान सरकार में ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राजेन्द्र गुढ़ा द्वारा बुधवार को पौख गांव में चल रहे प्रशासन गांवों के संग अभियान में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से हेमामलिनी के गालों जैसे रोड नहीं, कैटरीना कैफ के गालों जैसे रोड बनाने की गैर जिम्मेदाराना एवं अशालीन बयान पर कड़ी निंदा की हैं।भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नूपुर मालव ने कहा कि राज्य सरकार में मंत्री को इस तरह से महिलाओं के प्रति गैर जिम्मेदाराना बयान शोभा नही देता है इस तरह के बयान आपकी महिलाओं के प्रति संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मंत्री राजेन्द्र गुढा को मातृ शक्ति से उनके इस अनर्गल बयान पर मांफी मांगनी चाहिए और भविष्य में इस तरह की स्तरहीन टिप्पणी करने से बचना चाहिए। महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष महिमा शर्मा ने कहा कि विकास की चर्चाओं में इस तरह के उदाहरण देते समय मंत्री जी के गैरजिम्मेदाराना बयान महिलाओ के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले हैं। महिला मोर्चा कड़े शब्दों में इसकी निंदा करता है। मंत्री गुढ़ा के बयान पर महामंत्री मोनिका शेरगढ़िया एवं रंजना जोशी ने कहा कि मंत्री द्वारा यदि इस टिप्पणी पर नारी शक्ति से माफी नही मांगी गई तो महिला मोर्चा द्वारा इसके विरोध में कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। जिला उपाध्यक्ष सूरज बाई बिरला, जिला मंत्री ममता शर्मा, जिला मंत्री ममता कुमावत आदि मौजूद रहे।

### 10 किलो गांजे सहित दो गिरफ्तार

**मांगरोल** (निसं) मांगरोल थाना क्षेत्र के गांव बालुन्दा मे पुलिस गस्त दोरान पुलिस देखकर दो व्यक्तियों ने अपनी मोटरसाइकिल वापस गुमाली पुलिस ने उनका पीछा करने पर दो जने को पकड़ा जिनके पास से कट्टे में गांजा भरा मिला। थाना अधिकारी रामस्वरुप मीणा के अनुसार बताया कि बारां पुलिस अधीक्षक के निदेश पर अवैध मादक पदार्थों सट्टा, जुआ, शराब, गांजा स्मैक के खिलाफ अभियान चलाया है। बालुन्दा गांव में पुलिस गस्त के दोरान दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से आ रहे थे लेकिन पुलिस देखकर वापस धुमाकर मोटरसाइकिल को बड़ी नहर के किनारे कच्चे रास्ते जाने लगे पुलिस को शक व संदिग्घ होने से उस मोटरसाइकिल का पीछा करने पर थाना अधिकारी रामस्वरुप मीणा ने मुलजिम जमनाशंकर पुत्र केशरीलाल मीणा (37) निवासी जारेला थाना मांगरोल, रघुवीर पुत्र छीतर लाल मीणा (31) निवासी जारेला थाना मांगरोल को अवैध मादक पदार्थ 10 किलो गांजा बरामद कर गांजा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर प्रकरण सख्य 291/2020 धारा 8/20 में दर्ज किया गया। गिरफ्तार शुदा मुल्जिम जमनाशंकर व मीणा से गांजा तस्करी में संलिप्त अन्य लोगों और गिरोह के सदस्यों सम्बंध में गहन अनुसंधान जारी है।

### शिविरों में भूखंडों के पट्टे जारी किए

**झालावाड़** (निसं)। प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत गुरूवार को पंचायत समिति पिड़ावा मुख्यालय सुनेल की ग्राम पंचायत सालरी में आयोजित शिविर में मनरेगा सॉफ्टवेयर में 10 मोबाइल नम्बर अपडेट किये गये, 160 भूखण्डो के पट्टे एवं 5 मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए। नाम हस्तांतरण/उप विभाजन/पट्टों को पुनवर्ध/भूमि संपरिवर्तन के 31 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पंचायत समिति डग की ग्राम पंचायत बरडिया बिरजी में 10 मनरेगा श्रमिकों की खाता संख्या अपडेट की गई। 116 भूखण्डो के पट्टे, 4 जन्म एवं 6 मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए। पंचायत समिति खानपुर की ग्राम पंचायत मरायता में आयोजित शिविर में मनरेगा सॉफ्टवेयर में 20 मोबाइल नम्बर अपडेट किये गये, 80 भूखण्डो के पट्टे, 4 मृत्यु तथा 2 विवाह प्रमाण पत्र जारी किए गए। नाम हस्तांतरण/उप विभाजन/पट्टों के पुनवर्ध/भूमि संपरिवर्तन के 2 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान 5 हैण्डपम्प ठीक कराया।

### 'कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र बनवाएं'

**झालावाड़** (निसं)। अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर समसंख्यक के निर्देशानुसार अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य आवश्यक दस्तावेज उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट को प्रस्तुत कर अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र बनवाकर भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जी.एम. सैय्यद ने बताया कि अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदक अल्पसंख्यक वर्ग का राजस्थान का मूल निवासी हो। इसके अतिरिक्त आवेदक को पता प्रमाणीकरण हेतु आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, पासपोर्ट, मतदाता सूची, किरायानामा, बिजली, पानी, टेलीफोन बिल या गैस कनेक्शन में से कोई एक तथा स्वयं का शपथ पत्र एवं दो उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

### नगर पालिका अकलेरा में 51 पट्टे बांटे

**झालावाड़** (निसं)। नगर पालिका अकलेरा परिसर में गुरूवार को प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्टेट ग्रांट के 51 पट्टे वितरित किए। कोटा संभाग के संभागीय आयुक्त कैलाश चन्द मीना ने कहा कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत आयोजित किए जा रहे शिविरों में राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन के लाभ के कार्य किए जाएं। शिविर में जिला कलक्टर हरि मोहन मीना, आब्जर्वर आर.डी.मीणा, पूर्व विधायक कैलाश मीणा, नगर पालिका अकलेरा के उपाध्यक्ष सलीम मंसूरी, नगर पालिका ईओ जितेन्द्र पारस सहित नगर पालिका के कार्मिक एवं आमजन उपस्थित रहे।

### कार्यशाला आयोजित

**बून्दी** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर की ओर से गुरुवार को महिला के खिलाफ हिंसा का उन्मूलन अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर महारानी सीनियर सैकंडरी बालिका स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में छात्राओं को महिला उत्पीडन, बाल विवाह सहित अन्य जानकारी दी।

### आज यहां शिविर लगेंगे

**झालावाड़** (निसं)। जिला कलेक्टर हरि मोहन मीना ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत 26 नवम्बर को अकलेरा की ग्राम पंचायत थडोल, भवानीमण्डी की ग्राम पंचायत घटोद, डग की ग्राम पंचायत चाड़ा तथा पंचायत समिति पिड़ावा मुख्यालय सुनेल की ग्राम पंचायत खेराना में शिविर आयोजित होंगे।